Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 21-03-2005
Participants : Kushwaha Shri Narendra Kumar

>

Title: Need to improve the position of supply of potable water in Mirzapur-Bhedohi areas of Uttar Pradesh.

श्री नरेन्द्र कुमार कुशवाहा (मिर्ज़ापुर) : आदरणीय अध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र मिर्ज़ापुर भदोही उद्योगशून्य क्षेत्र है। वह जंगल-झाड़ी और नदी-नालों से घिरा हुआ इलाका है। वहां आदिवासी, वनवासी और गिरिवासी रहते हैं। वहां पानी का विाम संकट है। अभी तक लोग नदी-नालों से लाकर पानी पीते थे। कुएं सूख गए हैं और जल स्तर नीचे गिर गया है। वहां लोग पानी के बिना मरने की स्थिति में हैं। मैंने इस सदन में मांग की थी, माननीय वित्त मंत्री जी से भी निवेदन किया था, प्रधान मंत्री जी से भी मिलकर पत्र दिया था। विशो परिस्थितियों में जहां उद्योगशून्य इलाका हो, आदिवासी बहुल इलाका हो, उनके लिए प्रधान मंत्री महोदय लालकिला से आदिवासियों के लिए प्राक्कलन और प्रावधान जरूर करने का भााण देते cé[h25]। ऐसी दशा में आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है ।

अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में जितने भी नदी नाले हैं, वे सभी सूख गए हैं । यदि आप आदिवासियों के प्राणों से मोहब्बत करते हैं, तो मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि तात्कालिक प्रभाव से वहां जल सुविधा मुहैया कराने की व्यवस्था की जाए । विगत 19 तारीख को मेरे लोक सभा क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक और वहां की पुलिस ने मिल कर स्वतंत्रता सेनानी श्री लालता मोर्या को बुरी तरह से मारा है, गोलियां भी चलाई हैं । ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि वे बिजली आपूर्ति की मांग कर रहे थे ।

MR. SPEAKER: This is a State issue. Please do not bring law and order issue here.

श्री नरेन्द्र कुमार कुशवाहा : अध्यक्ष महोदय, आप समय नहीं देते हैं । मुझे एक और विाय पर कुछ कहना है ।

MR. SPEAKER: You cannot bring the State matter here. I have allowed you but do not bring the Assembly matter here. We have sufficient problems ourselves.

श्री नरेन्द्र कुमार कुशवाहा : जो केंद्रीय विद्यालय हैं …(व्यवधान) जो कूपन दिया गया है, उस पर कमल का फूल है । यह किसी पार्टी का चिह्न है ।

अध्यक्ष महोदय : आपको मौका दे दिया गया है ।

श्री वासुदेव आचार्य ।